PROGRAMME IMPLEMENTATION AND MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY (SHRI YOGINDER K. ALAGH): (a) and (b) No scheme of Bihar is pending for action in Planning Commission for investment clearance.

पंजाब और उत्तर प्रदेश की वार्षिक योजनाओं के लिए आबंटन

2794. **श्री मोहिन्दर सिंह कल्याण:** क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पंजाब और उत्तर प्रदेश की सरकारों द्वारा वर्ष 1996-97 के लिए कितनी वार्षिक योजना राशि की मांग की गई और केन्द्रीय सरकार द्वारा वास्तव में कितनी धनराशि आबंटित की गई; और

(ख) इस संबंध में वर्ष 1995-96 और 1996-97 के लिए वित्तीय लक्ष्यों का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ): (क) और (ख) राज्यों के योजना परिव्ययों का निर्धारण योजना आयोग के उपाध्यक्ष तथा संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री/राज्यपाल के मध्य हुई बैठकों में संसाधन उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए पारस्परिक रूप से किया जाता है। 1996-97 की वार्षिक योजना हेतु पंजाब व उत्तर प्रदेश के लिए क्रमशः 1857.05 करोड़ रुपये तथा 6549.03 करोड़ रु० के योजना परिव्यय को अंतिम रूप दिया गया। वर्ष 1995-96 तथा 1996-97 हेतु पंजाब व उत्तर प्रदेश के लिए परिव्ययों के क्षेत्र-वार आबंटन को दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है।

विवरण

पंजाब और उत्तर प्रदेश के परिव्ययों का क्षेत्र-वार आवंटन

(करोड़ रुपये)

क्र० सं०	विकास के प्रमुख शीर्ष	पंजाब		उत्तर प्रदेश	
		मूल रूप से अनुमोदित परिव्यय 1995-96	मूल रूप से अनुमोदित परिव्यय 1996-97	मूल रूप से अनुमोदित परिव्यय 1995-96	मूल रूप से अनुमोदित परिव्यय 1996-97
1	2	3	4	5	6
1.	कृषि एवं संबंधित कार्य	107.89	104.79	396.07	504.10
2.	ग्रामीण विकास	46.48	100.72	459.93	1047.33
3.	विशिष्ट क्षेत्र कार्यक्रम	13.76	11.53	80.00	80.00
4.	सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण	151.43	171.12	460.32	625.93
5.	ऊर्जा	703.62	683.61	1886.43	1254.68
6.	उद्योग एवं खनिज	65.65	65.73	112.06	142.90
7.	परिवहन	61.08	61.28	528.71	596.18
8.	संचार	0.00	0.00	0.00	0.00

1	2	3	4	5	6
9.	विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण	5.52	3.50	8.40	11.08
10.	सामान्य आर्थिक सेवाएं	41.28	60.40	298.26	409.81
11.	सामाजिक सेवाएं	444.09	550.99	1230.82	1832.01
12.	सामान्य सेवाएं	34.20	43.38	16.50	45.01
	कुल योग	1675.00	1857.05	5477.50	6549.03

Diversion of Funds for Poverty Alleviation Schemes

2795. SHRI SANATAN BISI: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) What have been the physical and financial achievements of major poverty alleviation programmes being implemented in various States during the last three years;

(b) whether diversion of funds from poverty alleviation programmes by any State Government has come to Government's notice; and

(c) if so, the details in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION AND MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY (SHRI YOGINDER K. ALAGH): (a) The physical and financial achievement (State-wise) for major poverty alleviation programmes, namely Integrated Rural Development Programme (IRDP), Jawahar Rozgar Yojana (JRY) and Employment Assurance Scheme (EAS) being implemented in the rural areas of the country for the last three years is given at Annexure. *[See Appendix 180. Annexure No. 58].*

(b) and (c) whenever complaints are received regarding diversion of funds from major poverty alleviation programames they are sent by the nodal Ministry (i.e. the Ministry of Rural Areas & employment) to the concerned State Government for necessary enquiry and appropriate action.

Functioning of Planning Commission

2796. DR. Y. LAKSHMI PRASAD: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) whether World Bank has found any fault with the functioning of India's Planning Commission in fund monitoring;

(b) if so, the details in this regard; and

(c) the corrective steps proposed to be taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION AND MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY (SHRI YOGINDER K. ALAGH): (a) to (c) The information is being collected.

आंध्र प्रदेश में गरीबी उन्मूलन योजनायें

2797. डा० वाई० लक्ष्मी प्रसाद: क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा प्रायोजित गरीबी उन्मूलन योजनाओं को आन्ध्र प्रदेश के कौन-कौन से जिलों में कार्यान्वित किया गया है;

(ख) क्या इन योजनाओं की समीक्षा की गई है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;